# 5000 बुनकरों को इस साल मुद्रा ऋण वितरण का लक्ष्य

राज्य मुख्यालय। विशेष संवाददाता

अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत बैंकों की ओर से इस वित्तीय वर्ष में करीब पांच गुना से अधिक कर्ज मंजूर किया गया है।

नवंबर तक 1636 बुनकरों को 1173.35 लाख रुपये कर्ज स्वीकृत हुआ। इसमें 154 बुनकरों को 127.77 लाख कर्ज बांटा जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 5000 बुनकरों को मुद्रा ऋण देने का लक्ष्य है। अपर मुख्य सचिव ने शुक्रवार को लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना की समीक्षा की। सहगल ने निर्देश दिए कि परिक्षेत्रीय अधिकारी संबंधित डीएम की अध्यक्षता में बैठक करवा मुद्रा ऋण के लंबित आवेदन शीघ्र निस्तारित कराएं। लंबित आवेदन-पत्रों का विवरण राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) भेजा जाय। निर्देश दिए कि बैंक में आवेदन पत्रों का नवीनीकरण कर बुनकरों को कर्ज मुहैया कराया जाय।